# कैंची उद्योग को विश्व पटल पर स्थापित करेगा सिडबी

## कैंची क्लस्टर एसोसिएशन ने दिए उद्योग को बढ़ाने के सुझाव, मेरठ में हुआ भारतीय उद्योग विकास बैंक का कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

**मेरठ।** शहर के कैंची उद्योग को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही चीन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मात देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की ओर से गढ़ रोड स्थित होटल में कैंची क्लस्टर से जुड़े उद्यमियों के साथ आउटरीच कार्यक्रम किया गया।

इसमें कैंची उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने अपनी समस्याएं बताईं और साथ ही उद्योग विस्तार के लिए अपने सुझाव भी दिए। सिडबी के अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के साथ बजट के विषय में जानकारी दी। बैंक के महाप्रबंधक राजीव कुमार ने एमएसएमई से जुड़े मुद्दों और भविष्य की संभावनाओं के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि बैंक कैंची क्लस्टर से जुड़े उद्यमियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। उप महाप्रबंधक स्वप्निल साहिल ने विकास के लिए आर्थिक सहयोग के बारे में बताया।

### उद्योगों के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार ने बनाई योजनाएं

उपायुक्त उद्योग दिपेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कैंची उद्योग को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश और केंद्र सरकार स्तर पर भी उद्योग को रफ्तार देने के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। इसी उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। एक्जिम बैंक एजीएम गीता तनेजा, उद्यम विधा प्रसार फाउंडेशन से आशीष, सहायक महाप्रबंधक राकेश कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं, मेरठ कैंची क्लस्टर एसोसिएशन अध्यक्ष फरमानुद्दीन ने कहा कि एसोसिएशन की तरफ से प्रस्ताव बैंक को भेजे जाएंगे। कार्यक्रम में यामीन सैफी, साजिद, शाहिद, अनसार राणा, जाकिर सहित अन्य मौजूद रहे।